5G वर्टिकल एंगेजमेंट एंड पार्टनरशिप प्रोग्राम

दूरसंचार विभाग (DoT) ने 5G यूज़-केस इकोसिस्टम हितधारकों के बीच मज़बूत सहयोग साझेदारी बनाने के लिये **"5G वर्टिकल एंगेजमेंट एंड पार्टनरशिप प्रोग्राम (VEPP)"** पहल के लिये रुचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित की है।

5जी तकनीक

- **5G** 5वीं पीढ़ी का मोबाइल नेटवर्क है। यह **1G, 2G, 3G और 4G** नेटवर्क के बाद एक नया वैश्विक वायरलेस मानक है।
- यह एक नए प्रकार के नेटवर्क को सक्षम बनाता है जिसे मशीनों, वस्तुओं और उपकरणों सहित लगभग सभी को सब कुछ एक साथ जोड़ने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- 5G के हाई-बैंड स्पेक्ट्रम में इंटरनेट की गति का परीक्षण 20 Gbps के रूप में किया गया है, जबकि अधिकांश मामलों में 4G में अधिकतम इंटरनेट डेटा गति 1 Gbps दर्ज की गई है।

5जी वीईपीपी:

- **5जी वीईपीपी के बारे में:**
  - यह एक पहल है, जहाँ DoT "उपयोगकर्त्ता या ऊर्ध्वाधर उद्योग परिसर में उपयोग के मामले के प्रोटोटाइप, पायलट, डेमो, परीक्षण को सक्षम करने के लिये आवश्यक अनुमोदन, नियामक मंज़ूरी की सुविधा प्रदान करेगा"।
  - DoT प्रायोगिक स्पेक्ट्रम तक पहुँच, टेस्टबेड तक पहुँच और शिक्षाविदों के साथ जुड़ाव, अन्य मंत्रालयों हेतु आवश्यक नियामक नीतियों एवं पायलट प्रोजेक्ट जहाँ भी संभव हो, सुविधा प्रदान करेगा।
  - प्रौद्योगिकी हितधारक, जो साझेदारी का हिस्सा बनने हेतु सहमत हैं, संबंधित मंत्रालयों या उद्योग वर्टिकल की ज़रूरतों के अनुसार 5G उपयोग के मामलों में प्रोटोटाइप और पायलट विकसित करने, तैनाती के लिये काम करेंगे ताकि उद्यमों द्वारा व्यावसायिक उपयोग और उन्हें तेज़ी से अपनाने में मदद मिल सके।
- **उद्देश्य:**
  - यह उपयोगकर्त्ता उद्योग की ज़रूरतों को पूरा करने के साथ 5जी पारिस्थितिकी तंत्र हितधारकों के बीच मज़बूत सहयोग साझेदारी का निर्माण करना चाहता है।
- **महत्त्व:**
  - यह उपयोगकर्त्ताओं एवं 5G टेक हितधारकों (सर्विस प्रोवाइडर्स, सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स और पार्टनर ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स) के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा, जो 5G डिजिटल समाधानों को आज़माने के लिये प्रोत्साहित कर सकता है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5g-vertical-engagement-and-partnership-program